ब्रीफ न्यूज

भारतीय रेलवे द्वारा सीनियर सिटीजन को मिलेगा 50 प्रतिशत की छूट

आरा (रासासं): भारतीय रेलवे ने सीनियर सिटीजन (वरिष्ठ नागरिक) यात्रियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। 15 फरवरी से महिलाओं को 50 प्रतिशत और पुरुषों को 40 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह सुविधा विशेष रूप से उन बुजुर्गों के लिए है जो लंबी दूरी की यात्रा करते हैं और सीमित आय पर निर्भर होते हैं। कोरोना महामारी के दौरान इस सुविधा को बंद कर दिया गया था, लेकिन अब इसे फिर से शुरू किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को किफायती और आरामदायक यात्रा प्रदान करना है। यह कदम न केवल उनकी आर्थिक मदद करेगा बल्कि उन्हें अपने परिवार से मिलने, धार्मिक यात्राओं और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यात्रा करने में सहूलियत देगा। यह कंसेशन महिलाओं के लिए छूट 50 प्रतिशत होगा जिसकी उम्र 58 वर्ष और उससे अधिक हो। पुरुषों के लिए छूट 40 प्रतिशत का है जिसका उम्र 60 वर्ष और उससे अधिक है। यह ट्रेनें मेल, एक्सप्रेस, राजधानी, शताब्दी आदि में लागू होगा।

माघ पूर्णिमा के दिन महुली घाट पर मां गंगा की हुई भव्य आरती

आरा (रासासं): माघ पूर्णिमा के अवसर पर जिला गंगा समिति भोजपुर के द्वार गंगा नदी के महुली घाट पर पतितपावनी मां गंगा की भव्य आरती हुई। गंगा तट पर संध्या आरती की अद्भुत छटा सबको रोमांचित कर रही थी। गंगा आरती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित कुमार सिंह जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति, भोजपुर, श्री भीम कुमार जिला समन्वयक आई टी सी भोजपुर उपस्थित रहे। आरती का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा पूजन किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन कर गंगा आरती का शुभारंभ कराया। अमित ने कहा कि मा गंगा के पावन जल में स्नान करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं, तन और मन पवित्र होता है, जन्मों के पाप भी धुल जाते हैं। गंगा आरती का दृश्य हर किसी को भक्तिमय करने के लिए काफी है। मां गंगा को स्वक्छ और निर्मल रखने के लिए हम सभी का अपना योगदान और लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस आरती को सफल बनाने में चंदन कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, राहुल कुमार, मुरारी तिवारी, मनीष तिवारी, मनु सिंह कुंदन सिंह, विकास कुमार, अर्जुन कुमार इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

60 मोबाइल चोरी करने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

आरा (रासासं): भोजपुर पुलिस ने मोबाइल दुकान से चोरी के मामले में महज 24 घंटे के अंदर उद्वेदन कर दिया है। इस कांड में शामिल चार चोरों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ चोरी के 37 मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। इसकी जानकारी भोजपुर पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस वार्ता के दौरान दी है। पकड़ा गया आरोपी चांदी थाना क्षेत्र के नरबीरपुर गांव निवासी शहीद आलम, मनीष कुमार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी सुनील कुमार एवं पंकज कुमार शामिल है। एसपी राज ने बताया कि चांदी थाना क्षेत्र के चांदी बाजार पर एक मोबाइल दुकान में कुछ चोरों के द्वारा करीब 60 मोबाइल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसके बाद चांदी थाना में धारा 334 (1)/303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद उद्वेदन के लिए उक्त्र की टीम,चांदी थानाध्यक्ष समेत आने पुलिस बल के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकी सूत्र के आधार पर मामले का उद्वेदन करते हुए चोरी के 37 मोबाइल के साथ चार अभियुक्तों को धर दबोचा है। बाकि मोबाइल को भी हमारी टीम जल्द से जल्द रिकवर कर लेगी। रढ राज ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान पता चला है कि फरार 3 आरोपी के साथ बैठकर सभी ने एक प्लान बनाया। इसके बाद रात के अंधेरे में पूरी घटना को अंजाम दिया गया। पकड़ा गया मनीष कुमार पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। घटना काफी संवेदनशील था,बाजार के बीचो-बीच मार्केट में इस घटना को अंजाम दिया गया था। हमारी टीम में काफी मेहनत से इस कांड का उद्वेदन किया है। चोरी की घटना के बाद सभी आरोपी अपने-अपने हिस्से का मोबाइल अपने पास रखा था। आरोपियों गिरफ्तारी के बाद इन सभी मोबाइलों को बरामद किया गया है।

सड़क हादसे में दो सगी बहनों की मौत, पिता जख्मी

आरा (रासासं): आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर बंगाल के समीप सड़क हादसे में दो सगी बहनों की मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की है जब अनयंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दौरान युवतियों के पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लगी। जख्मी पिता को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद बाद परिजनों को सूचना दी गई। वहीं, लोगों की भीड़ बढ़ते देख ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा संदेश थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव वार्ड नंबर एक निवासी गौरी शंकर की 18 वर्षीया पुत्री सुषमा और 17 वर्षीय पुत्री रेखा कुमारी है। जख्मी गौरीशंकर ने बताया कि वह अपनी पुत्री रेखा और सुसमा को इंटर का परीक्षा दिलवाने के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित नेमीचंद शास्त्री स्कूल आए थे। परीक्षा खत्म होने के बाद जब वह अपनी पुत्री रेखा और सुषमा को बाइक वापस गांव लौट रहे थे। उसी बीच बेलाउर बंगाल के समीप पीछे से आ रही बेलगाम ट्रक ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे उनकी पुत्री रेखा और सुषमा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से मृत सगी बहन और उसके पिता गौरी शंकर को आरा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम करवाया। वहीं जख्मी गौरी शंकर का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। बताया जाता है कि मृत छात्र सुसमा अपने पांच बहन व एक भाई में पांचवे व रेखा छठे स्थान पर थी। उनके परिवार में मां रीता देवी व तीन बहन उर्मिला देवी,लीला देवी,कुसुम कुमारी एवं एक भाई नीरज कुमार है। घटना के बाद मृत छात्राओं के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्राओं के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

तीसरी बार बढ़ी पीएचडी एडमिशन टेस्ट की तारीख

विद्यार्थी 20 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पीएटी) 2023 और 2024 की परीक्षा एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 20 फरवरी कर दी गई है। बता दें कि पहले ही दो बार आवेदन की तिथि बढ़ाई जा चुकी है, और अब एक बार फिर से इसे 20 फरवरी तक कर दिया गया है। अभी तक प्रवेश परीक्षा के लिए लगभग साढ़े तीन हजार अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनवारुल हक्क अंसारी ने बताया कि पैट के लिए आवेदन लिया जा रहा है, और अब 20 फरवरी तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मार्च माह के पहले हफ्ते में परीक्षा लेने की योजना बनाई जा रही है। परीक्षा विभाग ने सभी पीजी विभागों से मांगी रिक्ति के अनुरूप विषयवार सीटों का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड कर दिया है, जिसमें जिन विभागों ने सीट का ब्यौरा दिया है, उनकी जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न के प्रारूप और सिलेबस भी अपलोड कर दिया गया है।

पहली पाली में ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे, जबकि दूसरी पाली में विषय के अनुसार सब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा में दो पेपर होंगे, प्रत्येक पेपर 100 अंक का होगा। पहला पेपर मल्टीपल च्वाइस होगा और दूसरा पेपर संबंधित विषय का होगा। यूजीसी नेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

ऐसे होंगे एडमिशन के लिए क्वालीफाई: गौरतलब है कि पीएचडी एडमिशन टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों का दाखिला इंटरव्यू और मेरिट के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का मेरिट विभाग तैयार करेगा। मेरिट में पीजी मार्क्स पर 70 अंक, प्री पीएचडी टेस्ट पर 5 अंक, जेआरएफ पर 10 अंक और साक्षात्कार पर 20 अंक निर्धारित किए गए हैं। सामान्य श्रेणी के लिए 55 प्रतिशत और आरक्षित श्रेणी के लिए 45 प्रतिशत रखा गया है।

टेस्ट के बाद इसी आधार पर मेरिट बनाकर पीएचडी रिजल्ट घोषित किया जाएगा। नए रेगुलेशन के तहत, पीएचडी के लिए अब छात्र-छात्राओं को केवल एडमिशन टेस्ट ही नहीं बल्कि इंटरव्यू से भी गुजरना होगा। साथ ही, बताया गया कि एनटीए की ओर से संचालित परीक्षा में, जो परीक्षार्थी पीएचडी एडमिशन क्वालीफाई हुए हैं, उन्हें पैट की लिखित परीक्षा से नहीं गुजरना होगा। परीक्षार्थी सीधे साक्षात्कार में शामिल होंगे।

शोकाकुल परिजनों से लोजपा अध्यक्ष के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मिलकर दिया सांत्वना

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

तरारी: तरारी प्रखंड के एक ही परिवार के चार लोगो की सड़क दुर्घटना में घायल होने पर लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान के नेतृत्व में पार्टी के सदस्यों ने मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दीं। प्रमुख लोगों में परमानंद पासवान प्रखंड अध्यक्ष तरारी, मुन्ना कुमार मुखिया जेठवार सह जिला महासचिव लोजपा, संदीप कुमार प्रखंड अध्यक्ष संसदीय बोर्ड तरारी, लोजपा नेता रंगनाथ पासवान, कामेंद्र पासवान, प्रमोद पासवान, नवीन कुमार मीडिया प्रभारी तरारी आदि रहे।

जो तरारी प्रखंड के धोकरहा गांव निवासी सुरेश सिंह सहित एक ही परिवार के चार के लोगो की सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उनके घर जाकर परिजनों से मिला। दुर्घटना में घायल पांच वर्ष की बच्ची की मौत हो गई थी तथा अन्य लोगों का इलाज पटना एम्स में चल रहा है। राजेश्वर पासवान ने इस दुख की घड़ी में साथ रहने की बात कही तथा पटना एम्स में इलाजरत घायलों के अभिभावकों से दूरभाष पर बात चित कर हाल चाल पूछा तथा इलाज में मदद करने का भरोसा दिलाया।

दूसरी तरफ तरारी प्रखंड के नारायणपुर गांव निवासी स्व. रामतपस्या पासवान के पुत्र चंदन पासवान की भी विगत दिन सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी उनके परिजनों से मिलकर शोक सांत्वना दिए।

यथा संभव मदद करने का भरोसा दिलाया तथा प्रखंड अध्यक्ष परमानन्द पासवान को मृतक की आश्रित पत्नी को संबंधित कागजात तैयार कर संबंधित विभाग से संपर्क कर लाभ दिलाने को कहा तथा समस्या आने पर जिला कमिटी को अवगत कराने को कहा। आगे उन्होंने कहा कि पार्टी हर व्यक्ति के दुख सुख में साथ रहती है तथा आगे हमेशा साथ रहेगी।

समर्थ कुमार जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक : नीरज कुमार

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: भोजपुर तीरंदाजी अकादमी आरा के तीरंदाज समर्थ कुमार ने 44 वां एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता बोलपुर बंगाल में ओलंपिक राउंड में स्वर्ण पदक हासिल करके पूरे बिहार का नाम रोशन किया है। प्रशिक्षक नीरज कुमार सिंह ने बताया की भोजपुर के लाल कई प्रतियोगिताओं में पदक दिला कर गांव समाज और जिले का नाम रोशन किया है। इन्होंने पहला मैच दिल्ली से जीता, दूसरा मैच झारखंड से जीता।

तीसरा मैच प्री क्वार्टर फाइनल तमिलनाडु के बेहतरीन खिलाड़ी से जीता। चौथा मैच क्वार्टर फाइनल हरियाणा के खिलाड़ी से जीता। पांचवा सेमीफाइनल राहुल कुमार से कड़ी टक्कर देते हुए टाई शर्ट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया । बताते चलें की समर्थ कुमार 2022 से लगातार कोच नीरज कुमार सिंह के प्रशिक्षण में दिन-रात एक करके मेहनत कर रहे हैं। समर्थ कुमार के पिता शैलेश कुमार ने अपने पुत्र पर भरोसा जताते हुए हमेशा से उनके साथ खड़े रहे हैं। वही प्रशिक्षक नीरज कुमार सिंह का कहना है मुझे विश्वास है कि मेरा तीरंदाज एक दिन अवश्य ही ओलंपिक में देश को मेडल देने का काम करेगा। वहीं बिहार टीम के कोच अभिनाश ओझा अपने खिलाड़ी के प्रदर्शन से काफी खुश थे।

वही बधाई देने वालों में प्रो राम अवतार सिंह, कुमार विजय, धीरज कुमार रजनीश पाठक, महावीर भट्ट, राज किशोर सिंह, कौशल सिंह ,यशवंत नारायण सिंह, गुड्डू सिंह बाबूआन, अभय विश्वास भट्ट, चंदन कुमार, मिथिलेश पांडे, धनंजय बाबुआन मंगलम, राजीव रंजन सिंह, पूजा सिंह, सरोज कुमार, जयप्रकाश कुमार, मुकेश सिंह जितेश, कुंदन राज सिंह, सुग्रीव कुमार। इसकी जानकारी भोजपुर तीरंदाजी अकादमी संघ के सेक्रेटरी नीरज कुमार सिंह के द्वारा दिया गया।

साहित्य की प्रयोजनीयता शाश्वत और चिरंतन है : जेबी पांडेय

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: केंद्रीय विश्वविद्यालय कोरापुट के हिंदी विभाग के तत्वावधान में साहित्य की प्रयोजनीयता पर एक संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय रांची के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि ज्ञान की सभी शाखाओं की अपनी अपनी प्रयोजनीयता है, लेकिन उनमें साहित्य की प्रयोजनीयता शाश्वत एवं चिरंतन है।

इन्होंने बताया की साहित्य दो शब्दों के योग से बना है-स और हित। अर्थात हितेन सःइति साहित्यं। ज्ञान की वह शाखा जो सबका हित साधन करे साहित्य है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है कि ज्ञान राशि के संचित कोष का नाम साहित्य है। आचार्य शिवपूजन सहाय ने लिखा है कि किसी समाज या जाति के अभ्युदय और निःश्रेयस में जो सहायक है,वह साहित्य है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कल्पलता में लिखा है कि सारे मानव समुदाय को सुंदर बनाने की साधना का नाम साहित्य है।

प्राचीन भारतीय आर्य भाषा परिवार में काव्य शब्द केवल कविता का वाचक नहीं, अपितु साहित्य का वाचक माना जाता था। अर्थात साहित्य का प्रयोजन यश- प्राप्ति, अर्थ -प्राप्ति, व्यवहार में निपुणता, अमंगल का नाश, सद्यः आनंद की प्राप्ति और कांता सम्मित उपदेश है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साहित्य की निम्नलिखित प्रयोजनीयता है- साहित्य एकता और नेता का पाठ पढ़ाता है। उतरादायित्व का बोध कराता है। जानकारी के साथ साथ समझदारी प्रदान करता है। कुमति का नाश और सुमति का दाता है।नालायक को लायक बनाता है। फीको को नीको बनाता है। वसुधैव कुटुम्ब की भावना विकसित करता है। परहित की भावना का विकास करता है। मनुष्य को उर्ध्वगामी बनाता है। तोड़ता नहीं, जोड़ता है।सत्यं शिवम सुंदरम की चेतना विकसित करता है।

डॉ. पाण्डेय ने प्रेमचंद की सुप्रसिद्ध कहानी पंच परमेश्वर, नमक का दारोगा और सुदर्शन की कहानी हार की जीत के दृष्टांतों द्वारा उपर्युक्त सिद्धांतों को परिपुष्ट किया और कहा कि साहित्य की प्रयोजनीयता शाश्वत और चिंतन है। साहित्य मनुष्यता का प्रतिष्ठापक ही नहीं, उसका रक्षक भी है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. चक्रधर प्रधान ने कहा कि साहित्य ज्ञान की सभी शाखाओं में सर्वोपरि और श्रेष्ठ है। साहित्य में वह शक्ति छिपी हुई है जो तोप तलवार और बम के गोलों में भी नही पायी जाती है। साहित्य हदय परिवर्तन के द्वारा नालायक को लायक बनाता है। कवि शेख सराफत अली ने अपनी कविता सुनाकर विद्यार्थियों का मन मोह लिया।

तू खुद ही बन जा,अपने मुकद्दर का सिकंदर,
कब तक पीता रहेगा अपनी आंसूओं को अंदर ही अंदर।
उठ कर देख और समझ ले,ये दुनिया है एक समंदर।
बस आगे बढ़ता चला जा,क्या करेगा कोई भी बवंडर।

आगत अतिथियों का भव्य स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. चक्रधर प्रधान ने, सरस्वती वंदना प्राची ने, सुंदर संचालन डा श्रीकांत अर्ले ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज कुमार सिंह ने किया।हाल विद्यार्थियों से खचाखच भरा था और सभी डॉ. पाण्डेय की वक्तृत्व कला से अभिभूत थे। संगोष्ठी की पूणार्हुति राष्ट्र गान से हुई।

भोजपुर क्रिकेट क्लब 32 रनों से विजयी विजेता और उपविजेता टीम को डॉ. विजय कुमार गुप्ता ने मोमेंटो देकर किया सम्मानित

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में चार दिवसीय आर एल मेमोरियल अंडर 14 बॉयज क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच जहुर क्रिकेट अकादमी बनाम भोजपुर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच का उद्घाटन पद्मश्री भीम सिंह भवेश, डॉ. विजय कुमार गुप्ता डॉ. विकास सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. बीके शुक्ल, डॉ. केएन सिन्हा, मेजर राणा प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

भोजपुर क्रिकेट अकादमी के कप्तान आकाश ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भोजपुर क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 95 रनों पर आल आउट हो गया। भोजपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सुमित ने 29 रन, विक्की ने 16 रन और अर्श गुंज ने 22 रन बनाए। जोहर क्रिकेट अकादमी से गेंदबाजी करते हुए पीयूष ने तीन विकेट, रोचक ने दो विकेट प्राप्त किया, हर्ष ने एक विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने के लिए जहुर क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 17 ओवर में 64 रन नहीं बन पाई। जहूर क्रिकेट अकादमी की ओर से चिराग ने 16 रन बाकी कोई भी खिलाड़ी दहाई अंक में नहीं पहुंचे।

भोजपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए गणेश ने दो विकेट सत्यम में दो विकेट आकाश एक विकेट देव एक विकेट और अर्श गुंज एक विकेट प्राप्त किया। इस प्रकार भोजपुर क्रिकेट क्लब इस मैच को 32 रनों से विजय प्राप्त कर कप पर कब्जा जमाया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच गणेश को चुना गया। सभी उपविजेता और विजेता खिलाड़ियों को डॉक्टर विजय कुमार गुप्ता पद्मश्री श्री भीम सिंह भवेश, डॉ बी के शुक्ला डॉ कन्हैया सिंह, डॉ संगीता गुप्ता डॉक्टर बंदना सिंह, मेजर राणा प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को मोमेंटो देखकर सम्मानित किया। इस मैच के अंपायर युवराज और आयुष राज स्कोरर की भूमिका में सनी कुमार थे।

इस मैच के दौरान रजनीश पांडे धनंजय सिंह बबुआन कुंदन राज सिंह रत्नेश नंदन, आकाश कुमार वरुण राज अभिषेक सिंह दीपू कुमार, मिथिलेश पांडे मुकेश कुमार विनित गौतम खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी डॉक्टर विजय कुमार गुप्ता अध्यक्ष आर एल मेमोरियल क्रिकेट चैंपियनशिप ने दी।

हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

आरा (रासासं): कोईलवर थाना पुलिस ने हत्या समेत तीन गंभीर कांडों में फरार एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया जय प्रकाश यादव उर्फ जेपी यादव कोईलवर के बड़का चंदा गांव का निवासी है। एसपी राज के अनुसार पकड़े गए आरोपित की पुलिस को हत्या, लूट व डकैती कांड से जुड़े तीन मामले में तलाश थी। मालूम हो कि 25 सितंबर 2023 को कोईलवर के पचैना में विकास कुमार की खिला-पिलाकर हत्या कर दी गई थी। मृतक गड़हनी थाना के सुअरी गांव निवासी अजय यादव का पुत्र था। जिसको लेकर मृतक की मां इंदु देवी ने संबंधित थाना में आठ के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई थी। इस केस में पकड़े गए आरोपित का भी नाम था। इसके अलावा 23 फरवरी 2023 को कोईलवर क्षेत्र में ही डकैती और आठ अप्रैल 2024 को लूट की घटना घटित हुई थी।

संत रविदास ने अंधविश्वास व कुरीतियों से मानव जाति को उबारा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। आयोजन अखिल भारतीय रविदसिया धर्म संगठन की ओर से अम्बेडकर कॉलोनी बसीष्ठ नगर आरा मे स्थित शंत शिरोमणि गुरु रविदास जी के स्थाई मूर्ति के पास 649वां जयंती समारोह संगठन के महासचिव गोरखनाथ अकेला की अध्यक्षता मे मनाई गई।

जिसका संचालन संगठन के कोषाध्यक्ष सुशील कुमार ने किया। समारोह की उद्घाटन पूर्व जिला पार्षद उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने किया। मुख्य अतिथि भोजमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी उपस्थित रहे।इनके साथ सचिव जगजीवन राम, कमता राम, उपाध्यक्ष देवीदयाल राम,उपाध्यक्ष जैमंगल प्रसाद, विनायक राम, अधिवक्ता गोपाल राम, डॉ. लक्षमन प्रसाद, निर्माण कमिटी अध्यक्ष डॉ. लक्षमण प्रसाद, उपाध्यक्ष लालमुनी राम, भोजमो जिला उपाध्यक्ष अशोक यादव, हरेराम यादव, नंदकिशोर राम, अविनाश प्रसाद, पूर्व पार्षद राधिका देवी, सुनैना देवी, सीता देवी,भी समारोह मे मुख्य रूप से सामिल हुवे। समारोह को सम्बोधित करते हुवे महासचिव गोरखनाथ अकेला ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास पुरे मानव समाज को कुरीतियों, अंधविश्वास ढोंगिबाद से उबारने का काम किया है।

साथ ही समता मानवता एवम सभी के खुशहाली के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे जो इंसानो के लिए अनुकरणीय है। पूर्व उपाध्यक्ष जिला पार्षद शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि संत जी छुआ छूत मिटाने का काम किया एवम अपनी दूरदर्शि सोच से समाज विरोधियो को रास्ते पर लाने का काम किया।

1974 जीप आंदोलन में शामिल जेपी सेनानियो को स्वतंत्रता सेनानियों की तरह सुविधा मिले : नवलाख सिंह

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

आरा: 1974 जीप आंदोलन में शामिल जेपी सेनानियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना दिया। धरना की अध्यक्षता संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच (अखिल भारतीय) के जिलाध्यक्ष नवलाख सिंह कुशवाहा ने की। उनकी प्रमुख मांगों में, जेपी आंदोलन से आपातकालीन आंदोलन में भाग लेने वाले सेनानी जो जेल गए, जिन्होंने अपनी शहादत दी, उन्हें दूसरी आजादी का सेनानी मानते हुए स्वतंत्रता सेनानी अधिनियम 1972-80 के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानी के समकक्ष दर्जा दिया जाए। इसके साथ ही लोकतंत्र सेनानी घोषित कर ताम्रपत्र से सम्मानित कर स्वतंत्रता सेनानी के पैटर्न पर प्रदत्त पेंशन सहित अन्य सुविधाएं दी जाए।

जिलाध्यक्ष नवलाख सिंह कुशवाहा ने कहा कि जेपी सेनानियों को स्वतंत्रता सेनानियों की तर्ज पर पेंशन सहित अन्य सुविधाएं दिया जाए। इसके लिए पूर्व में प्रधानमंत्री ने भी घोषणा की थी। इसको लेकर 21 मार्च को हम लोग दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे।

मौके पर जिला सचिव धर्मशिला देवी, दिनेश सिंह कुशवाहा, सियाराम सिंह, उमेश सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, रघुनंदन पंडित, रामानुज ओझा, शिव कुमार सिंह अजय राय वीरेंद्र सिंह जय बहादुर सिंह, उर्मिला देवी, गजेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, शोभा देवी, मंजू देवी, राजकुमार गोंड, सुरेंद्र पासवान सहित कई जेपी सेनानी मौजूद रहे।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.
पंजीकृत कार्यालयः 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद बैंक से उनके द्वारा लिए गए स्वर्ण ऋण को उनके द्वारा समायोजित नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार **27 फरवरी 2025** को शाखा परिसर में **दोपहर 03:00** बजे नीलामी की तारीख तय की गई है, जहाँ से ऋण लिया गया था। उधारकर्ताओं, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी की शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

क्र. सं.	शाखा	खाता नंबर	खाता धारक का नाम	पिता/पति/पत्नी का नाम	पता	खाता खुलने की तिथि	भुगतान करें
1.	गाजियाबाद	101542513369	रवि रंजन	पुत्र दिनेश प्रसाद	बंगला नंबर–47, रेलवे कॉलोनी के पास, डेहरी ऑन सोन, डेहरी, रोहतास, डालमियानगर बिहार 821307	15–01–2024	62,242.52
2.	गाजियाबाद	101542512598	रवि रंजन	पुत्र दिनेश प्रसाद	बंगला नंबर–47, रेलवे कॉलोनी के पास, डेहरी ऑन सोन, डेहरी, रोहतास, डालमियानगर बिहार 821307	02–11–2023	108,266.57
3.	गाजियाबाद	101542514386	रवि रंजन	पुत्र बिजय कुमार	65, बरौन, नवादा बिहार 805106	02–04–2024	18,935.16
4.	गाजियाबाद	101542514292	रोजी कुमारी	पुत्र युगल किशोर सिंह	जहांगीरपुर कोठिया समस्तीपुर बिहार 848117	28–03–2024	67,926.82
5.	गाजियाबाद	101542514508	रोजी कुमारी	पुत्र युगल किशोर सिंह	जहांगीरपुर कोठिया समस्तीपुर बिहार 848117	09–04–2024	45,486.25
6.	इंदिरापुरम	101942518150	एमडी ए अली	पुत्र एम.डी. अकबर अली	मकान नंबर–24 बी, शाही मस्जिद संपतचक के पास नवाब घाट, खाजेकला घाट पटना बिहार 800008	28–06–2024	157,692.60
7.	इंदिरापुरम	101942518152	साम्या फातिमा	पुत्र सैयद जावेद इकबाल	हसन मंजिल, संपतचक, नौजर कटरा दीवान मुहल्ला पटना बिहार 800008	28–06–2024	142,052.76

नीलामी तिथि 27 फरवरी 2025 @ 03:00 बजे है।

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।